

अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 78 हजार के पार - 12



अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक - 12



अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव - 13




कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं - 14


आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.46 | सूर्यास्त 06.38


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 141, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री



**पटना।** सम्राट चौधरी ने बुधवार को भाजपा के पहले और बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### गृह समेत 26 विभाग संभालेंगे सम्राट

सम्राट चौधरी ने अपने पास गृह, सतर्कता, राजस्व एवं भूमि सुधार और स्वास्थ्य समेत करीब 26 विभाग रखे हैं। विजय कुमार चौधरी को 10 और बिजेंद्र प्रसाद यादव को आठ विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

## सीबीएसई : 10वीं के नतीजे घोषित, बेटियां इस बार भी आगे

- कुल 93.7 प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण, इनमें लड़कियों का प्रतिशत 94.99 और लड़कों का 92.69
- 55,000 से अधिक छात्रों ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में 93.70 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 55,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 2.20 लाख से अधिक छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 1.47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को 'कम्पार्टमेंट' श्रेणी में रखा गया है।

परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 94.99 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा और उभयलिंगी अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.50 रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई और दूसरी मई में निर्धारित है। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य था। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परंपरागत रूप से कक्षा 10वीं के परिणाम मई के मध्य में घोषित किए जाते हैं लेकिन इस वर्ष सीबीएसई ने रिकॉर्ड समय में लगभग 1.6 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया और परिणाम सामान्य से एक महीने पहले घोषित किया जा रहा है।



परिणाम घोषित होने के बाद बरेली के जीआरएम स्कूल में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। ● हरदीप सिंह टोनी

### केंद्रीय विद्यालय शानदार

केंद्रीय विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत सर्वाधिक 99 .57 प्रतिशत दर्ज किया गया। नवोदय विद्यालय 99 .42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .77 प्रतिशत रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 91 .01 प्रतिशत दर्ज किया गया। त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्रों ने 99 .79 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जबकि गुवाहाटी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 85 .32 प्रतिशत रहा। दिल्ली का उत्तीर्ण प्रतिशत 97 .38 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, अंतरिम जमानत पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां की शिकायत से संबंधित है। खेड़ा ने रिंकी पर गंभीर आरोप लगाए थे। असम पुलिस की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि तेलंगाना हाईकोर्ट के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चांदुरकर की पीठ ने स्पष्ट किया कि खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं।

### जनगणना : आठ राज्यों केंद्रशासित क्षेत्रों में आज से मकान सूचीकरण

**नई दिल्ली।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य गुरुवार को आठ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एवं दिल्ली छावनी बोर्ड क्षेत्र में एचएलओ अभियान कल शुरू होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में 15 दिन स्वगणना की अवधि के बाद मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ की जा रही है जो 15 मई को पूरी होगी।

# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष ने कसी कमर संसद के विशेष सत्र में घमासान के आसार

## इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्ष का महिला आरक्षण के समर्थन और परिसीमन पर विरोध का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला आरक्षण के लिए लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़ा घमासान होने के मैदान तैयार हो गया है। बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के दलों ने इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक की और आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को हथियार बनाकर सरकार परिसीमन की मंशा पूरी करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। विपक्ष ने एलान किया कि वह महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में है लेकिन परिसीमन के प्रावधानों का पुरजोर विरोध करेगा।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि वे सभी परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे। बैठक के बाद खरगे ने कहा, हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं। हालांकि जिस तरह से इसे लाया गया है, वह संदिग्ध है और हमें इस पर गंभीर आपत्ति है। यह राजनीति से प्रेरित है। मोदी सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने और दबाने के लिए इस तरह से काम कर रही है।

उन्होंने कहा, हमने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है और इस बात पर जोर दिया है कि इसे पहले पारित संशोधन के आधार पर लागू किया जाना चाहिए। खरगे ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर सरकार गलत मंशा के साथ कदम बढ़ा रही है। इसलिए सभी विपक्षी दल एकजुट होकर संसद में संघर्ष करने जा रहे हैं।



### भाजपा ने बनाई मानव शृंखला, रैली निकाली

**नई दिल्ली।** भाजपा और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधनों के समर्थन में बुधवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली निकाली और मानव शृंखला बनाई। देश के कई और राज्यों में महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपा की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### लोकसभा में चाहिए दो-तिहाई बहुमत, राजग के पास नहीं

संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए सदन में मौजूद सदस्यों की संख्या के दो तिहाई के समर्थन की जरूरत होती है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास लोकसभा में फिलहाल यह आकड़ा उपलब्ध नहीं है।

### ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं मोदी : राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण के नाम पर ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधि है। राहुल ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो वह वर्तमान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कर सकती है। परिसीमन भी नई जनगणना के आधार पर होना चाहिए, क्योंकि उसमें ओबीसी की आबादी का आंकड़ा होगा। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करती है, लेकिन सरकार इसके नाम पर कुछ और करना चाहती है। यह अब तक की बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

### प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, मायावती का समर्थन

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और बसपा की प्रमुख मायावती ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन की पहल का स्वागत किया है। पाटिल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन कानून औपचारिक रूप से महिलाओं की अपार क्षमता को पहचान देगा। मीरा कुमार और मायावती ने कहा कि भले ही लंबा इंतजार रहा हो, लेकिन देश के विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन लंबे संघर्ष के बाद एक सुखद अंत होगा।

## चलती ट्रेन में गोलीबारी सात लाख रुपये लूटे

संवाददाता बिलासपुर/रुद्रपुर

- काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बिलासपुर में हुई वारदात
- आरपीएफ व जीआरपी उत्तराखंड यूपी की टीमों ने की संयुक्त कांबिंग

**अमृत विचार :** हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार दिनदहाड़े संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सात लाख रुपए लूटकर यूपी-उत्तराखंड पुलिस को बड़ी चुनौती दे डाली। बदमाशों ने दिल्ली जा रहे रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड) के ऑटो पार्ट्स कारोबारी के दो कर्मियों को बिलासपुर में निशाना बना डाला। लूटपाट कर बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी जपनीत ऑटो स्पेयर पार्ट्स के स्वामी मंजीत सिंह गगनेजा के दो कर्मचारी रितिक मंडल और साहब सिंह सुबह करीब दस बजे सात लाख रुपये लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन जब बिलासपुर क्षेत्र में पहुंची तो बिलासपुर रेलवे स्टेशन से करीब एक किमी पहले तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में ही सात लाख रुपये लूट लिए। स्टेशन से पहले तीव्र मोड़ के चलते जैसे ही ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई तो बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

पीड़ित कर्मियों की सूचना पर मंजीत सिंह के साथ रुद्रपुर से व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी बिलासपुर जीआरपी चौकी पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उधर, रेलवे और सिविल पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ितों से पूछताछ के बाद बदमाशों की तलाश में संयुक्त कांबिंग अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जीआरपी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।



घटना के बारे में बताते मंजीत सिंह।

## पंतनगर-नौकुचियाताल हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



हेलीकॉप्टर को रवाना करते विधायक, डीएम और एयरपोर्ट अधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

- देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल पंतनगर रहेगा हवाई रूट

**अमृत विचार:** उड़ान योजना में पवन हंस कंपनी द्वारा पंतनगर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू कर दी गई। विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को पंतनगर एयरपोर्ट से नौकुचियाताल के लिए इसका शुभारंभ किया। हेलीकाप्टर में दो कैप्टन और पांच यात्री सवार रहे।

विधायक अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल, पंतनगर के लिए प्रारंभ इस हेली सेवा से पर्वतीय क्षेत्र, नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यह पहल आम नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती व विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि, हेली सेवा से सुविधा मिलने के साथ समय की भी बचत होगी। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यह एयरपोर्ट जेवर और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली से जुड़ जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, अनुप गुप्ता, सीएसओ राजकुमार, पवन हंस कंपनी के मैनेजर डीपी आर्या, विनोद तिवारी, अजय कमल, स्टेशन मैनेजर आलिया हैदर, स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन मौजूद रहे।

## राज्यसभा में उपनेता बने आप सांसद मित्तल के ठिकानों पर ईडी के छापे

- फेमा की जांच के तहत आवासीय और व्यावसायिक परिसरों की ली तलाशी

**जालंधर/नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को फेमा की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। मित्तल को हाल ही में राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में आप का उपनेता नियुक्त किया गया है।

जालंधर और गुरुग्राम में 10 स्थानों पर तलाशी ली गई। ईडी अधिकारियों के मुताबिक इसमें फगवाड़ा की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और गुरुग्राम का टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध संस्थान शामिल हैं। अरविंद केजरीवाल ने छापों के बाद कहा कि भाजपा ने पंजाब में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

## देश में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहीं: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

यह घोषणा गृह मंत्रालय ने इस महीने के शुरू में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की जो वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार राष्ट्रीय नीति के तहत की गई थी। गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद हुई सुरक्षा समीक्षा से स्थापित हुआ है कि देश का कोई जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है।

## लखीमपुर बवाल : दो एफआईआर, 74 नामजद, 19 गिरफ्तार

संवाददाता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)

- पीड़ित महिला और पुलिस की ओर से दर्ज केस में 400 अज्ञात का जिक्र
- बिना अनुमति रखी गई डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा हटाने पर हुआ था विवाद

**अमृत विचार:** बांकेगंज क्षेत्र के गांव मोतीपुर में मंगलवार को आंबेडकर प्रतिमा की स्थापना को लेकर हुए बवाल के बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महिला की तरफ से ग्राम प्रधान समेत आठ नामजद, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जबकि पुलिस की ओर से दर्ज दूसरी एफआईआर में 74 नामजद और 200 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है।

घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस की सख्ती के चलते लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव म्यूकपुर निवासी पीड़ित चंदा देवी के मुताबिक मंगलवार की शाम 6:30 बजे उसकी मोतीपुर निवासी भतीजी सुनीता देवी ने उन्हें सूचना दी थी कि ग्राम प्रधान वीरेंद्र काशीराम, उनके मुंशी, जैपाल, वीरपाल, रामधानी, अवधेश, कौशल, गुडिया और करीब दो सौ अन्य लोग उसकी जमीन पर अवैध तरीके से आंबेडकर प्रतिमा रखने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा है। उन्होंने मोतीपुर पहुंचकर विरोध किया तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा और फिर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की, इस बीच वह बेहोश हो गईं।

> घटना के वीडियो फुटेज और पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस की ओर से भी केस दर्ज हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उनकी पहचान करने की प्रक्रिया जारी है। -डॉ. ख्याति गर्ग एसपी

मंगलवार शाम उपद्रवियों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ एक निजी वाहन को नहर में फेंक दिया था। देर रात जेसीबी से नहर में फेंकी गई गाड़ी को बाहर निकाला गया। पुलिस अब वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर रही है। संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है। सुबह सफाई कर्मियों को बुलाकर सड़कों पर बिखरे शीशे और ईंट-पत्थरों को हटवाया गया।

**सख्त तेवर** | नोएडा बवाल के बीच मुख्यमंत्री का संदेश, औद्योगिक इकाइयों में अनुशासन से समझौता नहीं

## औद्योगिक इकाइयों में बाहरी तत्वों का दखल बर्दाश्त नहीं : योगी

- टाटा मोटर्स प्लांट में दिया कार्य संस्कृति का संदेश, 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोएडा में हुए बवाल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश देते हुए साफ कहा कि किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को औद्योगिक इकाइयों या संस्थानों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती के लिए टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता सबसे अहम हैं।

टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से बुधवार को 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने अप्रत्यक्ष रूप से नोएडा की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं। उन्होंने श्रमिकों और कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसे तत्वों से सतर्क रहें, जो संगठन की एकता और औद्योगिक शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। योगी ने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता का आधार टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता है। हर कर्मचारी को अपने संस्थान को परिवार की तरह समझना चाहिए और उसकी प्रतिष्ठा व विश्वास को बनाए रखना चाहिए।



टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के बाद बस में बैठे मुख्यमंत्री योगी।

### मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स का 10 लाखवीं गाड़ी का उत्पादन केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड बताते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल के कारण आज उत्तर प्रदेश उद्योगों के लिए आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

### योगी ने की बस की सवारी

फ्लैग ऑफ के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को लांच की गई टाटा मोटर्स की बस में सवारी भी की। उन्होंने पूरे प्लांट का अवलोकन किया और प्रोडक्शन में उपयोग में लाई जा रही विभिन्न तकनीकों को जाना। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस टाटा मोटर्स विशाल बादशाह उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 100 प्रतिशत रहा बजाज पब्लिक स्कूल का रिजल्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त बजाज पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सभी छात्रों के उत्तीर्ण होने से विद्यालय में खुशी का माहौल है और छात्रों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम में अर्थव जायसवाल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आयुष भारद्वाज ने 90 .2 प्रतिशत, पनव जायसवाल ने 86 प्रतिशत और प्रतिज्ञा अवस्थी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अब नवीन कलेक्ट्रेट में होगा किसान दिवस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर माह के तीसरे बुधवार को आयोजित होने वाली किसान दिवस बैठक का स्थान बदल दिया गया है। अप्रैल माह की बैठक आज दोपहर 12 बजे बिस्मिल नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह बैठक पहले कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में प्रस्तावित थी, जिसे डीएम के अनुमोदन के बाद स्थानांतरित किया गया है। प्रशासन की ओर से जिले के कृषक प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों और संबंधित अधिकारियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में शामिल होकर अपनी समस्याएं रखें, जिससे उनका समाधान किया जा सके।

### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**अल्हागंज,अमृत विचार :** स्वच्छता अभियान के तहत सिफर जीरो वेस्ट टीम की ओर से नगर पंचायत अल्हागंज में बुधवार को नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग न रखने से गंदगी बढ़ती है और बीमारियां फैलती हैं जो कचरा सड़ता है वह गीला होता है और जो नहीं सड़ता वह सूखा कचरा होता है। स्वच्छता मित्रों ने लोगों को बताया कि खाने के अवशेष और सब्जियों के छिलके गीले कचरे में आते हैं, जबकि प्लास्टिक, कागज और बोतलें सूखे कचरे में शामिल हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवानी वर्मा ने लोगों से अपील की कि भागीदारी जरूर करें।

### आरक्षण को लेकर आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गोंड समूह आरक्षण अधिकार कोर कमेटी की ओर से आज डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपने की तैयारी की गई है। मंडल अध्यक्ष रामदास कश्यप ने पत्र देकर बताया कि दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांग पत्र डीएम के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट को भी सूचना दी गई है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### रीबोर के बाद भी हैंडपंप से गंदा पानी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोदीपुर क्षेत्र में सहकारी हैंडपंप से गंदा पानी आने की शिकायत सामने आई है। वार्ड नंबर 3 निवासी शाहनवाज खान ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और समस्या का समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से 28 सितंबर 2025 को हैंडपंप का रीबोर कराया गया था, लेकिन इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार हैंडपंप से लगातार दूषित पानी निकल रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। इससे स्वास्थ्य पर खतरा बना हुआ है। कई महीनों से समस्या बनी हुई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

# सीबीएसई दसवीं में तक्षशिला का दबदबा, जिला टॉपर बने विद्यार्थी

## 98.2 प्रतिशत अंक के साथ शिजा हिकमत व अर्शलान रजा पहले, 98 प्रतिशत अंक पाने वाले तीन छात्र संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे

- विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी
- सालभर की मेहनत का परिणाम देखकर चहक उठे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड दसवीं परीक्षा में इस बार तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में दबदबा कायम किया। शिजा हिकमत और मोहम्मद अरसलान रजा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में पहला स्थान हासिल किया। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है।

दूसरे स्थान पर भी तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छात्रों का ही कब्जा रहा। अनुकूल गर्ग, काव्या सिंह और अक्षत ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। इनमें अक्षत फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के छात्र हैं, जबकि अन्य छात्र तक्षशिला पब्लिक स्कूल से हैं। इन छात्रों ने भी अपनी मेहनत से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तीसरे स्थान पर ओजस्वी मिश्रा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जगह बनाई, जबकि रवीना यादव ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप सूची में स्थान बनाया। छात्रों के इस परिणाम से विद्यालय में उत्साह का माहौल है और शिक्षकों व अभिभावकों ने सभी को बधाई दी है।

छात्रों की सफलता यह साबित करती है कि नियमित पढ़ाई और निरंतर मेहनत से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है। सीबीएसई के जिला कोर्डिनेटर रोजी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं। कुल 3453 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमे से ज्यादातर सफल रहे। उन्होंने टॉपर से लेकर उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।



सिजा हिकमत। ● अमृत विचार



मोहम्मद अर्शलान। ● अमृत विचार



अनुकूल गर्ग। ● अमृत विचार



खुशी जताते जिले में टॉप स्थान प्राप्त करने वाले तक्षशिला पब्लिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

### नियमित पढ़ाई से मिली सफलता, डॉक्टर बनकर सेवा करने का लक्ष्य



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में तक्षशिला कॉलेज की छात्रा सिजा हिकमत ने 98 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। सिजा डॉ. हिकमत उल्ला और डॉ. असमा हिकमत की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। सिजा ने बताया कि उन्होंने रोजाना आठ से नौ घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की और हर विषय पर बराबर ध्यान दिया। उनका मानना है कि बहुत अधिक पढ़ाई करने से ज्यादा जरूरी है कि पूरे साल छोटी-छोटी मेहनत लगातार की जाए। इसी तरीके से पढ़ाई करने पर परीक्षा में अच्छे अंक हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को समय का सही उपयोग करना चाहिए और पढ़ाई को बोझ न समझकर नियमित आदत बनानी चाहिए। सिजा का लक्ष्य आगे चलकर डॉक्टर बनना है, ताकि वह समाज की सेवा कर सकें। उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है।

### अर्शलान का 98.2 प्रतिशत अंक, रिवीजन और प्रश्न अभ्यास पर दिया जोर



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में तक्षशिला स्कूल के छात्र मोहम्मद अर्शलान रजा ने 98 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। पिता मोहम्मद इलियास भावलखेड़ा में एडीओ पद पर तैनात हैं, जबकि उनकी मां शगुफ्ता परवीन सिंधौली में सरकारी शिक्षक हैं। अर्शलान ने बताया कि उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के नियमित पढ़ाई के दम पर यह सफलता हासिल की है। उनका कहना है कि स्कूल का शिक्षण स्तर अच्छा होने के कारण उन्हें अलग से ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़ी। वह प्रतिदिन स्कूल से आने के बाद पहले पढ़े हुए विषयों का रिवीजन करते थे। उन्होंने बताया कि वह रोजाना आठ से दस घंटे पढ़ाई करते थे और बीच-बीच में पढ़ाई छोड़ने के बजाय लगातार अभ्यास पर ध्यान देते थे। वह यूपीएससी परीक्षा पास कर अधिकारी बनना है।

### जयपुरिया के बच्चों ने लहराया परचम, शानदार परिणाम से खुशी



सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया। मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। परीक्षा में आख्या कुशवाहा ने 97 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अनन्या सक्सेना ने 96 .60 प्रतिशत, सत्यम मिश्रा और शौर्य गुप्ता ने 95 .60 प्रतिशत, अनुष्का त्रिवेदी ने 95 .40 प्रतिशत और अर्णव गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा शिवांश गुप्ता और श्रेष्टि श्रीवास्तव ने 94 .40 प्रतिशत, मृत्युंजय महाजन ने 94 प्रतिशत, अक्षरा मिश्रा और उज्ज्वल अग्रवाल ने 93 .80 प्रतिशत, आदित्य सरस्वत ने 93 .40 प्रतिशत अंक हासिल किए। अन्य छात्रों में आरोही सिंह ने 92 .20 प्रतिशत, निधि अग्रवाल ने 91 .60 प्रतिशत, सायदा मायदा फातिमा और सार्थक राज गुप्ता ने 91 .40 प्रतिशत तथा आराध्या ओझा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सभी छात्रों की इस उपलब्धि से शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह देखा गया। प्रधानाचार्य आर .डी . अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।



परिवार के साथ 98 प्रतिशत अंक पाने वाले टॉपर अंकुल गर्ग। ● अमृत विचार



ओजस्वी मिश्रा। 97 .6 प्रतिशत अंक

### मारवाह स्कूल के आयुष को मिले 97 प्रतिशत अंक

खुटार रोड स्थित मारवाह मॉडर्न स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम इस वर्ष 100 प्रतिशत रहा, जिसमें सभी 37 विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल की। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। परिणाम देर शाम आने के कारण छात्र स्कूल नहीं पहुंच सके, लेकिन स्कूल प्रबंधन की ओर से फोन कर सभी को बधाई दी गई। परीक्षा में आयुष पटेल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आराध्य दीक्षित ने 94 .2 प्रतिशत, जशनप्रीत कौर ने 91 प्रतिशत तथा आशी शुक्ला और उज्जवल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्रों ने सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया। स्कूल प्रबंधक तारा सिंह और कमलजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राना पब्लिक स्कूल में शानदार प्रदर्शन

राना पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। नूरवेज खान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं फैज़ुद्दीन, शुभ त्रिवेदी और अविका वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंश शुक्ला ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पाया। इसके अलावा केशव सिंह ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि सहजप्रीत कौर और आस्था मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर अवतार सिंह राना और प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, जबकि उपप्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल ने भी सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों में राम प्रकाश तिवारी, सुनील दीक्षित, लखविंदर सिंह, मनप्रीत कौर और प्रियंका ने भी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल का 100 प्रतिशत रिजल्ट

कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर सफलता का इतिहास रच दिया। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह देखा गया। परीक्षा में वेदांश विश्वकर्मा ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर वर्णिका दीक्षित और पार्थ मिश्रा रहे, जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर जगृति वर्मा ने 96 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के 26 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया गया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राम मुरारी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ़ाया विद्यालय का मान- सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रफुल्ल।



अभिषेक।



निगार।

- सीबीएसई कक्षा 10 में 87.5 प्रतिशत परिणाम, विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन
- टॉपर्स में प्रफुल्ल और अभिषेक आगे, टॉप स्टूडेंट प्रफुल्ल पांडे को 90 प्रतिशत अंक

**अमृत विचार :** राम मुरारी पब्लिक स्कूल मीरांपुर कटरा के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में 87.5 प्रतिशत परिणाम के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है। इस सफलता में स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त मेहनत का असर दिखा। विद्यालय के स्टूडेंट्स ने विभिन्न विषयों में अच्छे अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के टॉप प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स में प्रफुल्ल पांडे ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि अभिषेक गुप्ता ने 83.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। विषयवार प्रदर्शन में अंग्रेजी में अभिषेक गुप्ता ने 89 अंक, हिंदी में निगार इल्मा ने 80 अंक, विज्ञान में प्रफुल्ल पांडे ने 90 अंक प्राप्त किए। सामाजिक विज्ञान में प्रफुल्ल पांडे और अभिषेक गुप्ता ने 93 अंक हासिल किए, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी में कई स्टूडेंट्स ने 93 अंक प्राप्त किए।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्टूडेंट्स की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की गई और शिक्षकों के समर्पण को इस सफलता का मुख्य आधार बताया गया। साथ ही गणित और विज्ञान जैसे विषयों में और मजबूती लाने के लिए अगले सत्र में विशेष शैक्षणिक योजनाएं लागू करने का निर्णय लिया गया है। विद्यालय परिवार ने सभी स्टूडेंट्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पेंशन शिविर में अव्यवस्था लोग हुए बैरंग

**कलान, अमृत विचार:** डबाकारा भवन में बुधवार 15 अप्रैल को आयोजित पेंशन शिविर में अव्यवस्था के चलते सैकड़ों लाभार्थियों को निराश होकर लौटना पड़ा। शिविर का आयोजन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर किया गया था, जिसमें सहायक विकास अधिकारी निर्मला शुक्ला, संतोष बाबू, डॉ इमरान खान, डॉ प्रेम शंकर मौर्य और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रोहतास सिंह मौजूद रहे। इसके बावजूद वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन बनवाने आए लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल सकी और वे भटकते रहे। गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलने पर नगर पंचायत चेयरमैन नारायण गुप्ता मौके पर पहुंचे और डीएम से पुनः शिविर लगाने की मांग की, ताकि वंचित लोगों की पेंशन बन सके।

# सेवा, समरसता व कर्तव्यों का संदेश दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित मोदी मैदान में आयोजित दिव्य संगत में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही, जहां ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने पहुंचकर आध्यात्मिक गुरु श्री राजेंद्र महाराज का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने गुरु के प्रवचनों का श्रवण किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद सिंह ने गुरु राजेंद्र महाराज का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया और चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संगत ने गुरु के उपदेशों को ध्यानपूर्वक सुना, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और लोग भाव-विभोर नजर आए।

अपने संबोधन में गुरु राजेंद्र महाराज ने धर्म की मर्यादा, सेवा भाव, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चे संत वही होते हैं जो समाज को जोड़ने और लोगों के मन को शुद्ध करने का कार्य करते हैं। उनके संदेशों ने उपस्थित लोगों को नई दिशा और प्रेरणा दी। विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि गुरुदेव के आशीर्वचनों से उन्हें जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने जिले के लोगों की सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की कामना की और कहा कि शहीदों की धरती शाहजहांपुर पर संतों का आगमन सभी के लिए सौभाग्य की बात है, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं।



मोदी मैदान में आयोजित संगत में गुरु राजेंद्र महाराज का आशीर्वाद लेते विधायक अरविंद सिंह।

- मोदी मैदान में गुरु राजेंद्र महाराज ने दिए प्रवचन, विधायक ने लिया आशीर्वाद

# स्कूलों पर बुक लिस्ट बदलने का आरोप, डीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- व्यापार मंडल ने बार-बार बदलाव से नुकसान और विवाद बढ़ने की बात उठाई
- पहले जारी सूची के आधार पर खरीदी किताबें, अब स्कूल बदल रहे सूची

**अमृत विचार :** जिले में स्कूलों की ओर से बार-बार बुक लिस्ट बदलने को लेकर व्यापारियों ने डीएम से शिकायत की है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने पत्र देकर बताया कि पहले जारी सूची के आधार पर पुस्तक विक्रेताओं ने प्रकाशकों से किताबें मंगाकर अभिभावकों को उपलब्ध कराई थीं, लेकिन अब कुछ स्कूल उसी सूची में बदलाव कर रहे हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन रही है।

पत्र में कहा गया है कि जिला वेबसाइट पर पहले से अपलोड सूची और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दी गई पीडीएफ के अनुसार ही किताबें मंगाई गई थीं। इसके बावजूद स्कूलों की ओर से बिना सूचना दिए बार-बार सूची बदली जा रही है, जिससे अभिभावकों और दुकानदारों के बीच झड़प हो रही है और बाजार का माहौल खराब हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने अपनी पूंजी लगाकर किताबें खरीदी हैं, अब उन्हें वापस कराना पड़ रहा है जिससे नुकसान हो रहा है। व्यापार मंडल ने मांग की है कि आदेश जारी किए जाएं कि स्कूलों की ओर से दी गई सूची की किताबें ही लागू रहें और बाद में बदलाव न किया जाए। स्थिति का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व व्यापारियों को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर समाधान कराने की मांग की है।

**अनदेखी**

**41.07 करोड़ रुपये से 13 स्थानों पर लगाई गई थीं लाइटें, केवल दो जगह संचालित**

# स्मार्ट सिटी की पहचान रहीं अधिकांश ट्रैफिक लाइटें बंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लाइटों के शीशे पर जम गई धूल, लोग परेशान
- लाल इमली चौराहे और अशफाक नगर रहता है जाम

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने और यातायात नियमों का पालन करने के उद्देश्य से प्रत्येक चौराहे और तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटें लगाई गई थी। 13 स्थानों में मात्र 02 स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटें काम कर रही है ओर बाकी जगह बंद पड़ी है। बंद पड़ी लाइटों को नगर निगम ने ठीक कराने की जरूरत तक नहीं समझी है। इसी वजह से चौराहे और तिराहे पर जाम लगता है।

शहर में 2022 में 41.07 करोड़ रुपये की ट्रैफिक सिग्नल लाइटें अशफाकनगर चौराहे, लालइमली चौराहे, खिरनीबाग चौरोहे, घंटाघर, हथौड़ा चौराहा, नगर निगम कार्यालय के निकट त्रिमूर्ति कवि तिराहे, केरुगंज चौराहे, गर्रा फाटक तिराहे, बरेली मोड़, हरदोई बाईपास चौराहे, पुत्तूलाल चौराहे आदि स्थानों पर लगायी गयी थी। कुछ समय तक ट्रैफिक लाइटों ने काम सही किया, फिर बंद हो गई। वर्तमान समय में खिरनीबाग चौराहे और हथौड़ा चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटें काम कर रही है, बाकी स्थानों पर लाइटें बंद पड़ी है, जो शो पीस बनी हुई है। त्रिमूर्ति कवि तिराहे पर जेसीबी से खुदाई करते समय केबिल कट गई थी। बंद पड़ी लाइटों के टीन के कवर गल गए और लाइट के शीशों पर धूल जमी पड़ी है। कुछ स्थानों पर सिग्नल के पास सीसीटीवी कैमरे तक गायब हो गए है। चौराहे व तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड की डयूटी रहती है। जब जाम लग जाता है तो ट्रैफिक सिपाही चौराहे पर आते है, वरना साइड में बाइक पर बैठक रहते है। सबसे अधिक जाम अशफाक नगर तिराहे, लालइमली चौराहे और अंटा चौराहे पर जाम रहता है क्योंकि चालक अपनी मर्जी से वाहन घुसेड़ देते है, इसी लिए जाम लग जाता है।



चौराहे पर बंद बड़ी ट्रैफिक लाइटें। ● अमृत विचार



लाल इमली चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

> आईटीएमएस की निगरानी की जा रही है, जहां पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटें बंद है, उनको ठीक कराया जाएगा। संबंधित संस्था को लाइटों को ठीक कराने के लिए पत्र लिख दिया गया है।– एसके सिंह सहायक नगर आयुक्त आईटीएमएस दो स्थानों पर संचालित हो रही है। शेष स्थानों पर सिग्नल लाइटों को चालू कराने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है। प्रत्येक चौराहे और तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस की डियूटी तैनात रहती है। – **बच्चू सिंह** टीएसआई

### ट्रैफिक पुलिस में 116 कर्मियों का स्टाफ

ट्रैफिक पुलिस ने एक यातायात निरीक्षक, 12 टीएसआई, 14 हेड महिला कास्टेबिल, 32 पुरुष हेड कास्टेबिल, 57 पुरुष सिपाही, 6 थानों में भी यातायात कर्मी तैनात है। कुछ स्थानों पर तीन-चार ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात रहते है। किसी स्थान पर एक कर्मी नहीं दिखाई देता है। ज्यादातर ट्रैफिक पुलिस कर्मी बाइक पर बैठे रहते है, जब जाम लग जाता है तो जाम खुलवाने आते हैं।

### पत्तों में छिपी लाइट

अशफाक नगर चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगी हुई, लेकिन इन लाइटों के आगे पेड़ों के पत्तों ने ढक लिया है। कुछ चौराहों पर दुकानदारों ने दुकान के आगे तिरपाल लगाकर लाइटों को ढक लिया है। दुकानदारों का कहना है कि लाइटें तो जलती नहीं है। निगम ध्यान नहीं दे रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली के पोल से टकराई अनियंत्रित कार

खुटार, अमृत विचार : क्षेत्र के रामपुर कला से नवाजपुर जाने वाले लिंक रोड पर एक कार विद्युत पोल से टकरा गई। जिस पोल पर रखा ट्रांसफार्मर सहित पोल कार पर जा गिरा। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। बुधवार को शाहजहांपुर निवासी कुछ युवक एक कार में सवार होकर नवाजपुर गांव में अपने एक परिचित के यहां किसी काम से आए थे। जहां से वह वापस शाहजहांपुर को जा रहे थे कि नवाजपुर से रामपुर जाने वाले लिंक मार्ग पर सिख फार्मर निशान सिंह के मकान के पास पहुंचे ही थे कि अचानक रोड के किनारे लगे विद्युत पोल में उनकी कार टकरा गई। जबकि पोल के ऊपर रखे ट्रांसफार्मर भी पोल सहित कार के ऊपर जा गिरा। गनीमत रही कि उस समय लाइन बंद थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों ने कार के अंदर फंसे युवकों को जैसे तैसे बाहर निकाला और पोल हटाया।

### हाईवे पर दो हादसे, सिपाही समेत चार लोग घायल

तिलहर, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में सिपाही और होमगार्ड समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हादसों के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के काच्यानी खेड़ा के पास शाहजहांपुर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार मदनापुर थाने में तैनात सिपाही रामशीष पुत्र राजाराम और होमगार्ड शैलेश पुत्र रामसरण निवासी हुसैनपुर कबरा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। इसी दौरान जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुरिया निवासी बाइक सवार अरुण और मनोज भी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। दोनों को भी उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### स्टेशन पर मिला बाबा का शव, शिनाख्त नहीं

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुधवार को एक बाबा बेहोशी की हालत में पड़ा था। आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची और बाबा को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने बाबा को मृत घोषित कर दिया। बाबा की उम्र करीब 65 साल होगी। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें बीमारी से मौत की पुष्टि हुई।

### विवाहिता लापता गुमशुदगी दर्ज

खुटार, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 25 वर्षीया विवाहित पुत्री 13 अप्रैल की शाम 5 बजे घर से किसी को बगैर कुछ बताए कहीं चली गई है। काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

### आवारा कुत्तों के हमले में घायल हिरण की मौत

परौर, अमृत विचार : कुण्डरी गांव में आवारा कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हिरण की उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया गया कि कुत्ते काफी देर तक हिरण का पीछा करते रहे, जिससे बचने के दौरान वह कंटीले तारों में फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग कर्मी जितेंद्र पाल सिंह ने ग्रामीणों की मदद से हिरण को पकड़कर उपचार के लिए मिर्जापुर भेजने की व्यवस्था की, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से क्षेत्र के लोगों में दुख का माहौल है।

# बरसीम काटने पर सिर में गोली मारकर युवक की हत्या

## मदनापुर के बरीखास गांव में पुलिस फोर्स तैनात, भाई घारदार हथियार से घायल, खेत के बाद घर पर आकर हुआ विवाद

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

अमृत विचार : खेत में वरसीम काटने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी और उसके भाई को धारदार हथियार से घायल कर दिया। आरोपी मारे गए युवक का रिश्ते में ममेरा भाई है। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। एएसपी सिटी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव में पुलिस फोर्स तैनात है।



मृतक श्याम सुंदर।

मदनापुर क्षेत्र के गांव बरीखास निवासी श्याम सुंदर उर्फ शानू(25) नाना विश्राम सिंह के घर पर बचपन से रहता था। वह मूलरूप से मदनापुर के गांव करनपुर पडरी का रहने वाला था। विश्राम का रिश्तेदारों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने श्याम सुदंर के नाम 40 बीघा जमीन कर रखी थी। बुधवार की शाम चार बजे श्याम सुंदर खेत पर बरसीम काटने गया था। वहां आरोपी अजयभान का श्याम सुंदर से विवाद हो गया। आरोपी व उसके परिवार के लोग मारने के लिए दौड़े तो वह श्याम जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। मंगलवार की रात सवा 11 बजे आरोपी अजयभान, धनवरी समेत तीन लोग उसके दरवाजे गाली दे रहे थे। वह और उसका भाई ब्रज मोहन घर के बाहर आए और विरोध किया। आरोप है कि आरोपी अजयभान और उसके परिवार के अन्य लोगों ने तमंचे से श्याम सुंदर को गोली मारकर घायल कर दिया और उसके भाई ब्रजमोहन को धारदार हथियार से घायल कर दिया।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एएसपी सिटी। ● अमृत विचार

- एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश कर रही पुलिस

भाई ब्रजमोहन मंगलवार सुबह ही ननिहाल आया था। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल भाइयों को देर रात मेडिकल कॉलेज लाए जहां डॉक्टर ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया।

जबकि घायल ब्रजमोहन का इलाज चल रहा है। सूचना पर मदनापुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ गांव में पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना दी। एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सदर प्रयांक जैन बरीखास गांव पहुंचे और मृतक के परिवार वालों से जानकारी की। घटना के पीछे जमीन का विवाद बताया गया है।

पुलिस ने आरोपी अजयभान समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देर रात दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



रोते बिलखते श्याम सुंदर के परिजन। ● अमृत विचार

> बरसीम काटने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। श्याम सुंदर का आरोपी अजयभान दूर के रिश्ते में ममेरा भाई लगता है। एक युवक के गोली लगने से मौत हुई है और मृतक के भाई को धारदार हथियार से कमर के नीचे घायल कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> – देवेंद्र सिंह एएसपी सिटी

### नाना ने श्याम सुंदर को लिया था गोद

श्याम सुंदर के नाना विश्राम सिंह की पांच बेटियां थी। सभी की शादी कर दी थी। उनका कोई बेटा नहीं था। श्याम सुंदर एक साल का था तो उसे गोद ले लिया जिससे ननिहाल की सारी संपत्ति श्याम को मिली थी। ममेरा भाई अजयभान की नजर संपत्ति पर थी। उसके पास 40 बीघा जमीन थी। संपत्ति को लेकर कई बार विवाद हुआ था।

### एक माह पहले आरोपी ने कर ली थी दोस्ती

आरोपी अजयभान ने श्याम सुंदर से एक माह पूर्व दोस्ती कर ली थी। उसका घर पर आना-जाना था। दोनों एक साथ बाइक पर घूमने के लिए जाते थे। लेकिन आरोपी दिल में श्याम सुंदर से खुंदक खाए हुए थे। खेत पर श्याम सुंदर को मारने के लिए गया था, लेकिन वह जान बचाकर घर में भाग आया था। आखिर में उसने घर पर आकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

### पत्नी ने बाहर जाने से रोका था

श्याम सुंदर अपने पीछे पत्नी शिखा और दो बच्चे छोड़ गया है। तीन साल की बेटी कृतका और दो साल का बेटा कृष्णा है। पिता मनोज सिंह तथा अन्य लोग गांव करनपुर पड़री में रहते है। रात में आरोपियों के गाली देने पर पत्नी ने बाहर जाने से मना किया था, लेकिन वह नहीं माना और कुंडी खोलकर बाहर चला गया। उसकी पत्नी रो-रोकर कह रही थी कि यदि बात मान ली होती तो उसके पति की जान नहीं जाती। परिवार में रोना पीटना मचा हुआ है।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी।

### श्याम सुंदर हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

गांव बरीखास निवासी शिखा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात में पति श्याम सुन्दर को आरोपी दरवाजे से घसीटते हुए ले गए और अपने दरवाजे पर ले जाकर सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। देवर बचाने गया तो उसे भी धारदार हथियार से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी अजयभान और धनवीर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बुधवार देर शाम आरोपी धनवीर और अजयभान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस बरामद किया है। टीम में विश्वजीत सिंह आदि स्टाफ शामिल था।

# स्टे लेने की फिराक में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र का आरोपी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ग्रामीण की शिकायत पर अफसर ने दर्ज करवाई थी रिपोर्ट

अमृत विचार : सीएमओ कार्यालय में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के मामले में आरोपी हाई कोर्ट से स्टे की फिराक में है। उधर पुलिस आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है और साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

सीएमओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकिशोर ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मिर्जापुर क्षेत्र के बड़ऊ गांव निवासी संतराम कश्यप ने दिसंबर माह में डीएम से शिकायत की थी कि गांव के कई लोगों के सीएमओ कार्यालय से फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए थे। सीडीओ की जांच में अपात्र प्रमाणपत्र बनने की पुष्टि हुई थी। जांच में एक महिला के नाम से दो दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। मामले में आरके मिश्रा सहायक कनिष्ठ सेवानिवृत्त, सतीश चंद्र वरिष्ठ सहायक संविदा, संतोष सिंह डीआईसी मैनेजर, रोहित कुमार डाटा इंट्री आपरेटर, अर्जुन श्रीवास्तव कंप्यूटर सहायक, दीपा सिंह प्रोग्राम सहायक, शशांक डाटा मैनेजर, शिवम गंगवार, वीर सिंह, रवि कुमार समेत 13 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। अब आरोपी होई कोर्ट से गिरफ्तारी स्टे लेने की फिराक में है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने साक्ष्य जुटा रहे है और साक्ष्य जुटाने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

# वांछितों को पकड़ें, गुंडा एक्ट में करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: एसपी सौरभ दीक्षित ने मीरानपुर बुधवार को कटरा थाना का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और अपराधियों पर गुंडा एक्ट व गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर में बैरक, मैस, हवालात और मालखाना देखा। इसके अलावा कार्यालय में अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, बीट बुक और टॉप 10 अपराधियों का रजिस्टर भी जांचा। थाना परिसर की



मीरानपुर कटरा थाने का निरीक्षण करते एसपी सौरभ दीक्षित। ● अमृत विचार

- एसपी ने किया कटरा थाने का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उसे बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कर्मियों से संवाद कर शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने असलहों के रखरखाव और नियमित सफाई पर भी जोर दिया। साथ ही थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात के समय नियमित गश्त करने व कार्य में ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ, थाना प्रभारी और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# पत्नी को बुलाने की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चला ड्रामा

संवाददाता, खुदागंज

- खुदागंज क्षेत्र में साढ़े तीन घंटे बाद पत्नी पहुंचने पर नीचे उतरा युवक

अमृत विचार : खुदागंज क्षेत्र में एक युवक पत्नी को बुलाने की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ गया और करीब साढ़े तीन घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। रात करीब साढ़े दस बजे पत्नी के पहुंचने के बाद युवक टावर से नीचे उतरा। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

भून्डी गांव निवासी दिलीप मंगलवार शाम करीब सात बजे अकबरी गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसकी शादी कुछ समय पहले फतेहपुर गांव की महिला से हुई थी, लेकिन विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी। इसी से नाराज होकर युवक टावर पर चढ़ गया और पुलिस को सूचना देकर कहा कि जब तक पत्नी नहीं आएगी वह नीचे नहीं उतरेगा, अन्यथा कूदकर जान दे देगा।

सूचना मिलते ही खुदागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद युवक की पत्नी और उसके परिजनों को मौके पर बुलाया। पत्नी के पहुंचने पर युवक से बातचीत कराई गई, जिसके बाद वह सुरक्षित नीचे उतर आया।

पुलिस युवक और उसकी पत्नी को थाने ले गई। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि महिला को वन स्टॉप सेंटर शाहजहांपुर भेज दिया गया है, जहां से वह अपनी इच्छा अनुसार आगे का निर्णय ले सकेगी।

# आंबेडकर जयंती पर शराब पकड़ी कार्रवाई पर सवाल

बंडा अमृत विचार : आंबेडकर जयंती के दिन शराब बिक्री पर रोक के बावजूद बंडा क्षेत्र में अवैध रूप से देसी शराब बेचने का मामला सामने आया है। आबकारी सिपाहियों ने पाउच बरामद किए, लेकिन बिना पुलिस को सूचना दिए कार्रवाई किए बिना ही मामले को छोड़ देने का आरोप है।

कस्बा बंडा के नभीची रोड स्थित देसी शराब की दुकान बंद होने के बावजूद पसियापुर गांव में एक दुकानदार खोखे पर अवैध रूप से करीब 100 रुपये में पाउच बेच रहा था। सूचना मिलने पर पहुंचे आबकारी विभाग के दो सिपाहियों ने एक बोरी पाउच पकड़ लिए, लेकिन आरोप है कि बिना कोई कार्रवाई किए युवक को छोड़ दिया गया। जानकारी थाने तक न पहुंचने पर हलचल मच गई। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि थाने में सूचना नहीं दी गई, जबकि सूचना देना जरूरी था। आबकारी दीवान संदीप कुमार का कहना है कि खेत में कुछ पाउच मिले थे।

# स्कूल जाते समय छात्रा से दो बार छेड़छाड़, सहमी पीड़िता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तहरीर देने के बाद भी थाना प्रभारी ने घटना से किया इनकार

अमृत विचार : मदनापुर क्षेत्र में 11वीं कक्षा की 16 वर्षीया छात्रा के साथ दो बार छेड़छाड़ की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। स्कूल जाते समय बाइक सवार युवक पर छात्रा को रोककर हाथ पकड़ने, फोटो खींचने की कोशिश करने और अश्लील टिप्पणियां करने का आरोप है।

पीड़िता ने बताया कि 9 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह साइकिल से स्कूल जा रही थी। बरुआ बाजार के आगे झाले के पास एक युवक ने उसे रोक कर साइकिल पकड़ने की कोशिश करते हुए अभद्र व्यवहार किया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। घबराई छात्रा पास के एक घर में चली गई और बाद में स्कूल पहुंचकर प्रधानाचार्य को पूरी बात बताई। 11 अप्रैल को आरोपी ने फिर से छात्रा को घेरकर हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। छीना-झपटी में आरोपी का मोबाइल वहीं गिर गया। छात्रा के अनुसार, माता-पिता दिल्ली में काम करते हैं और वह गांव में दादी के साथ रहकर पढ़ाई कर रही है। शुरू में बदनामी के डर से शिकायत नहीं की गई, लेकिन आरोपी की लगातार धमकियों के बाद परिवार ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

मंगलवार दोपहर छात्रा ने तहरीर दी। थाने के कई दरोगाओं और संबंधित हल्का इंचार्ज को जानकारी थी, इसके बावजूद थाना प्रभारी ने देर शाम तक अनभिज्ञता जताई। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले भी स्कूल जाती छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सीओ सदर प्रयांक जैन ने कहा कि मामले में कार्रवाई चल रही है।

# गर्रा नदी में मिला लापता युवक का शव

संवाददाता, तिलहर

- ग्राम पंचायत अधिकारी के पुत्र की मौत से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी
- सोमवार से लापता था अभिनव, सीओ समेत पुलिस मौके पर पहुंची

अमृत विचार : ग्राम पंचायत अधिकारी के पुत्र के लापता होने का मामला उस समय गंभीर हो गया जब उसका शव गर्रा नदी में मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। सूचना पर सीओ सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और जांच शुरू की।



मृतक अभिनव वर्मा।

मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी राकेश वर्मा कलान ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह वह और प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका उनकी पत्नी मीनाक्षी रोज की तरह ड्यूटी पर चले गए थे। घर पर उनका पुत्र अभिनव वर्मा मौजूद था, जिसने आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। शाम को जब दोनों घर लौटे तो अभिनव घर पर नहीं मिला। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। इसी दौरान बुधवार शाम को गर्रा नदी में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान अभिनव वर्मा के रूप में कराई। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा प्रिजर्व

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सिंधौली पुलिस ने नहर में मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। निगोही क्षेत्र के गांव गुलड़िया चकझाऊ निवासी आकाश यादव(19) सिंधौली क्षेत्र में कटिया बुजुर्ग में ईट भट्ठे पर काम करता था। 8 अप्रैल की शाम घर से निकला लेकिन वापस नहीं आया। परिजन तलाश करते रहे। परिजनों ने 10 अप्रैल को निगोही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार शाम गरगैया ओर रखिया गांव के बीच घाटबोझ रजवाहा नगर में लोगों ने एक सड़ा शव पड़ा देखा। सिंधौली पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने निगोही थाने से संपर्क किया। रामसुदार ने शव की शिनाख्त बेटे आकाश के रूप में की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बिसरा जांच के लिए भेजा जाएगा।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

शाहजहांपुर/कांट, अमृत विचार : निगोही क्षेत्र के ढकिया तिवारी निवासी सर्वेश ने थाना कांट पर सूचना दी कि उसने बहन मीना देवी का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व कांट के ग्राम पटियारी निवासी रामबाबू के साथ किया था। मीना पिछले करीब एक महीने से बीमार चल रही थीं और इलाज रोहिलखंड अस्पताल में चल रहा था, जहां डॉक्टरों ने पेट में गांठ होने की बात कही थी। परिजनों के अनुसार बुधवार को मीना की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दुकानों से जनरेटर पार्ट समेत हजारों की चोरी





पंचर की दुकान में लगाया नकब।

- बंडा में हाईवे किनारे दुकान से अल्टीनेटर और तार चोरी, पास की दुकान में सेंधमारी

संवाददाता, बंडा

अमृत विचार : बंडा-पुवायां नेशनल हाईवे किनारे स्थित दुकानों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक दुकान से जनरेटर का अल्टीनेटर और अन्य सामान चोरी कर लिया गया, जबकि दूसरी दुकान में सेंध लगाकर औजार और कॉपर तार उठा ले गए।

गांव भूड़ा निवासी अशोक ने बताया कि भूड़ा मोड़ के पास उसकी दुकान पर तेल कोल्हू लगा है। मंगलवार-बुधवार की रात चोर दुकान में रखा साढ़े सात किलोवाट के जनरेटर का अल्टीनेटर, लाइट के तार और अन्य सामान चुरा ले गए। वहीं सड़क पार करीब 30 मीटर दूर स्थित पंचर की दुकान को भी निशाना बनाया गया। दुकान मालिक दलजीत सिंह के अनुसार चोरों ने सेंध लगाकर चाबी, पाना, कॉपर तार सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। दोनों पीड़ितों ने बंडा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों पर चोरों की नजर, एक और बाइक चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : शहर में आएदिन बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बाइकें चोरों की नजर में है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र मोहल्ला दलेलगंज निवासी फूल मियां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 28 फरवरी को सराय काइयां ईदगाह गए थे। वापस आए तो बाइक नदारद थी। उन्होंने थाना आरसी मिशन पहुंचकर जानकारी दी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। फूल मियां ने थाने के कई चक्कर लगाए, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो डेढ़ माह बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। वहीं हाल ही में ग्रीन वैली स्कूल के पास गैर जनपद की बाइक को भी पुलिस ने पकड़ा था। उसका इंजन और चेचिस नंबर भी भिन्न था, लेकिन बाइक चेकिंग कर रहे एस आई दीपू सिंह ने बाइक चला रहे लोगों को बिना पूछताछ के छोड़ दिया था। जबकि बाइक को सीज कर दिया था। वहीं कार्यवाहक थाना प्रभारी कैलाश चंद्र ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कैमरे लगाने का विरोध जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आर्य महिला महाविद्यालय में चार दिन से शिक्षक कर रहे प्रदर्शन

अमृत विचार : आर्य महिला महाविद्यालय में टीचर्स स्टाफ रूम में वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरों को लगाए जाने का विरोध बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांध दायित्वों का निर्वाह करते हुए एवं शैक्षणिक कार्य करते हुए अपना सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

बुधवार को प्रवक्ता महाविद्यालय पहुंचे तो पुनः उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई। पूछने पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो रूपांशु माला द्वारा कहा गया कि कार्य बहिष्कार कर रहे हैं, इसलिए उनके हस्ताक्षर नहीं कराए जाएंगे।

कार्यवाहक प्राचार्या प्रो रूपांशु माला ने कहा कि पहले प्रदर्शन करने वाले शिक्षक लिख कर दें कि यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे। तभी हस्ताक्षर करने दिए जाएंगे। इस शर्त पर शिक्षकों ने आपत्ति जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि उनकी उपस्थिति विधिवत दर्ज करवाई जाए तथा प्राध्यापक कक्षों (स्टाफ रूम) से कैमरा हटवाए जाएं ताकि शैक्षणिक वातावरण और शोध कार्य प्रभावित न हो। शिक्षकों ने प्रशासन से यथाशीघ्र इस प्रकरण को संज्ञान में लेने एवं उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में डॉ. विजय गुप्ता, डॉ एमपीएस चौहान, डॉ स्वेता सक्सेना, डॉ आशीष गोयल, नम्रता लता, ऋतु शर्मा, प्रज्ञा वर्मा, डॉ उपासना श्रीवास्तव, डॉ रानू दुबे, डॉ मृदुल शुक्ला, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ निदा शाहिद, राजेश, डॉ गुलशन रस्तोगी, डॉ उमेश भारती, सीता वर्मा, शेषांकी, संध्या भारती, शालिनी श्रीवास्तव, भावेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना प्रशिक्षण सफल बनाने की कवायद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम ने नालंदा विद्यालय पहुंचकर किया कार्मिकों से संवाद, गुणवत्ता और सटीकता पर दिया जोर
- तीन चरणों में चल रहा प्रशिक्षण अनुपस्थित होने पर होगी कानूनी कार्रवाई

अमृत विचार : जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को सफल बनाने के लिए जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है।

15 अप्रैल से जनगणना चार्ज के तहत नगर निगम, तहसील, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत और छावनी परिषद में नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सुबह से शाम तक कराया जा रहा है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित उप जिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को विभिन्न केंद्रों पर जिम्मेदारी दी गई है।

इसी क्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कैंट स्थित नालंदा विद्यालय पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों से संवाद कर व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली।

साथ ही प्रशिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को अधिक व्यवहारिक और विस्तार से कराया जाए, ताकि कार्मिक फील्ड में बेहतर तरीके से काम कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की अध्यक्षता में संचालित किया जा रहा है। दून इंटरनेशनल स्कूल और रियान जीआईसी स्कूल का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद मूल्यांकन परीक्षा कराई जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्मिकों ने आवश्यक जानकारी हासिल कर ली है। प्रशिक्षण की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों में नोडल पर्यवेक्षक बनाया गया है, जो अलग-अलग बैचों में निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सूचना के बावजूद प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले प्रगणक और पर्यवेक्षकों के खिलाफ जनगणना अधिनियम-1948 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### सब्जी विक्रेता ने मां-बेटी को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी घर की दीवार के पास खंभा लगा हुआ है। सब्जी विक्रेता ताज ने ठेला निकालने को लेकर उसकी दीवार तोड़ दी। विरोध करने पर सब्जी विक्रेता और उसकी बेटी को पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी है।

### बैंक कर्मियों पर लगाए गंभीर आरोप

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव हमजापुर निवासी अनीता वर्मा ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि बुधवार को बैंक में खाते से रुपये निकालने के लिए गई। कैशियर ने कहा कि पेन कार्ड लाओ। उसने घर से लाकर पेन कार्ड दे दिया। फिर उससे कहा कि आधार कार्ड लेकर आओ। आधार कार्ड लाने के लिए गयी। वह बैंक में पहुंची तो बैंक के चैनल में ताले लटक गए थे। कहा कि बैंक बंद हो गयी और घर जाओ।

# छह प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

## कटरा उपचुनाव में भाजपा समेत विभिन्न दलों और निर्दलीयों ने की दावेदारी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत कटरा अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को भाजपा सहित कुल छह प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।

भाजपा की ओर से सोनम गुप्ता ने विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, देवेंद्र कुमार गुप्ता, सुरजीत सिंह और राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा समेत अन्य नेताओं के साथ पहुंचकर चुनाव अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय को नामांकन पत्र सौंपा। इसके अलावा पूजा कसाना,



तिलहर तहसील में नामांकन पत्र दाखिल करतीं भाजपा प्रत्याशी। ● अमृत विचार

- सोनम गुप्ता सहित छह प्रत्याशी समर्थकों के साथ पहुंचे तहसील
- भीषण गर्मी में नामांकन स्थल पर पीने के पानी की नहीं रही व्यवस्था

बिलकिस बानो, ओमकार कश्यप, वाजिद सिद्दीकी और सर्वेद अंसारी ने भी अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किए। प्रत्याशी वाजिद सिद्दीकी ने दो नामांकन पत्र जमा किए।

नामांकन के दौरान प्रत्याशियों ने अपनी जीत को लेकर भरोसा जताया और क्षेत्र के विकास व जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। वहीं, भीषण गर्मी के बीच नामांकन स्थल पर पीने के पानी की व्यवस्था न होने से प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग बदहवास नजर आए।

### कांग्रेस ने बिलकिस बानो को बनाया प्रत्याशी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने मोहल्ला बंगशान निवासी और पार्टी की बूथ अध्यक्ष बिलकिस बानो को प्रत्याशी घोषित किया है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने लखनऊ पहुंचकर



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात कर चुनाव को लेकर चर्चा की और पार्टी का सिंबल लेकर लौटे, जिसे कटरा नगर अध्यक्ष अच्छन खान और पूर्व जिला महासचिव हम्माद खान को सौंप दिया गया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी बिलकिस बानो 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे तिलहर तहसील में अपना नामांकन दाखिल करेंगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत के साथ चुनाव में जुटें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी।

# सीएमओ कार्यालय घोटाले की एसआईटी जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सर्व समाज जन कल्याण समिति की बैठक में सीएमओ कार्यालय से जुड़े मामलों को लेकर नाराजगी जताई गई। प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति घोटाले और दिव्यांग फर्जी प्रमाण पत्र प्रकरण की एसआईटी से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह दोनों मामले बेहद गंभीर हैं और इनमें जिम्मेदार चिकित्सकों व अधिकारियों को बचाया जा रहा है, जिससे सरकार की छवि प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि दोनों प्रकरणों में निवर्तमान और वर्तमान सीएमओ की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में अक्सर छोटे कर्मचारियों को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि बड़े स्तर पर शामिल लोग बच जाते हैं।

इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए शासन स्तर से एसआईटी गठित

- सर्व समाज समिति ने बैठक कर उठाए सवाल, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी
- झोलाछाप डॉक्टर, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व दिव्यांग प्रमाण पत्र मामले को बताया गंभीर

करना जरूरी है, तभी दोषियों पर कार्रवाई संभव होगी।

शाहनवाज अंसारी ने आरोप लगाया कि सीएमओ कार्यालय की अनदेखी के चलते जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या बढ़ गई है और मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। चेतावनी दी कि यदि इन मामलों में उच्चस्तरीय जांच नहीं कराई गई तो समिति आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

बैठक का संचालन फारूख रखवानी और अध्यक्षता अमन रावत ने की। इस दौरान शाहदाब इदरीसी, कपिल पाण्डेय, धर्मवीर राठौर, रिजवान खां, सुरेन्द्र, मनोज कुमार, सौरभ राठौर, गौरव, गुड्डे और कफील अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# दो सड़कों का किया शिलान्यास

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक चेतराम ने बुधवार को विकासखंड पुवायां के ग्राम नाहिल में दो महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। इनमें मंगला देवी मंदिर से रघुनाथपुर मंदिर तक 1.5 किमी तथा नाहिल मार्ग से ग्राम भरसंडा तक 2.25 किमी लंबी सड़क शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक चेतराम ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर शशि अग्निहोत्री, डॉ हरिओम अवस्थी, दिनेश चंद्र मिश्रा, कमल मिश्रा, ओम शंकर अवस्थी, जितेंद्र त्रिवेदी, अर्पित त्रिवेदी, बालेंद्र मिश्रा, पुनीत शर्मा, केपी सिंह, पंकज कुमार, बादशाह, रवि कुमार, अजय पाल, विजय वर्मा, विजेंद्र कुमार, मिथुन कुमार और नवनीत कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव के जीवन संघर्ष बताए

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** सिटी पार्क के सेंट्रल पार्क में भारतरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें सैकड़ों परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना के साथ हुई, जहां कार्यक्रम अध्यक्ष रामबहादुर और मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज ने दीप प्रज्वलित कर और डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान बाबा साहेब के जयघोष के बीच केक काटकर जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ केके वर्मा, डॉ अरुण कुमार, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ अर्चना, पूर्व क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार दीक्षित, निवर्तमान अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि और विकास चंद्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। प्रारंभिक संबोधन में अरुण कुमार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संविधान का

- सिटी पार्क में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती

मुख्य शिल्पी, समाज सुधारक और पहले कानून मंत्री के रूप में याद किया और उनके संघर्षों को बताया।

मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार ने बच्चों को मोबाइल के सही उपयोग और पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी। डॉ अर्चना ने महिलाओं की शिक्षा और अंधविश्वास से दूर रहने पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार ने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश देते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ताओं के विचारों से भी लोग लाभान्वित हुए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

कार्यक्रम में बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए बाबा साहेब से जुड़े विचार और कहानियां प्रस्तुत कीं। अखिलेश जौहर की ओर से आयोजित क्विज प्रतियोगिता में शिवांश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरि शंकर कनौजिया ने किया और अंत में अध्यक्ष रामबहादुर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# झांकियों में महापुरुषों के संदेशों की गूंज



भगवान बुद्ध, डॉ आंबेडकर, संत गाडगे और संत गुरु रविदास की प्रतिमाओं के समक्ष वंदना करते सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डॉ आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह रामबाग सरायकाइयां स्थित गुरु रविदास पूजा स्थल पर भगवान बुद्ध, डॉ आंबेडकर, संत गाडगे और संत गुरु रविदास की प्रतिमाओं के समक्ष बुद्ध वंदना, पुष्पांजलि और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में लोगों ने परिवार के साथ पहुंचकर श्रद्धा व्यक्त की।

दोपहर दो बजे शोभायात्रा शुरू हुई, जिसे विशिष्ट अतिथि डॉ एमपी सिंह, अमर चंद जौहर, डॉ वाईपी गौतम, विनय अग्रवाल, भगवन्त राम और अध्यक्ष मंगरेलाल ने पंचशील ध्वज दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा रामबाग से पक्का पुल, केरूगंज, बहादुरगंज, सदर

- भव्य शोभायात्रा व जनसभा के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती

बाजार होते हुए कचहरी मार्ग से राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग पहुंची, जहां यह विशाल जनसभा में बदल गई। शोभायात्रा में सजे रथों पर डॉ आंबेडकर, भगवान बुद्ध, संत रविदास, बिरसा मुंडा, कांशीराम, सम्राट अशोक, ज्योतिराव फुले, सावित्रीबाई फुले, गुरु नानक देव समेत कई महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्र-छात्राएं और युवक-युवतियां बैंड बाजे की धुन पर नारे लगाते और नृत्य करते हुए शामिल हुए।

खिरनीबाग मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्य संरक्षक भगवन्त राम ने उद्घाटन करते हुए कहा कि डॉ आंबेडकर ने जीवन भर शिक्षा, समानता और सम्मान के लिए संघर्ष किया। मुख्य अतिथि जीएसटी उप आयुक्त प्रवेश तोमर ने कहा कि संविधान और आरक्षण की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है और देश का विकास पंचशील और विज्ञान के रास्ते ही संभव है। उन्होंने एक समान शिक्षा प्रणाली लागू करने की भी बात कही।

अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार आजाद, मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ कमलेश गौतम, डॉ वाईपी गौतम, अमर चंद जौहर और विनय अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के विचारों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार वर्मा और सियाराम दिनकर ने किया। अंत में अध्यक्ष मंगरेलाल व कोषाध्यक्ष अजय वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्ट्स मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्टर एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# फर्जी वसीयत से जमीन कब्जाने की कोशिश

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** थाना बंडा क्षेत्र में पैतृक जमीन पर कब्जा और जालसाजी का मामला सामने आया है। पीड़ित उज्ज्वल अग्निहोत्री ने डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर प्रभावशाली लोगों पर फर्जी वसीयत तैयार कर जमीन अपने नाम कराने और पुलिस की ओर से आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार, ग्राम डुड़वा स्थित जमीन उसके दादा के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। कुछ लोगों ने फर्जी और अपंजीकृत वसीयत बनाकर धोखे से जमीन

- शिकायत के बाद फर्जी आदेश निरस्त, पुलिस पर आरोपियों का साथ देने का आरोप

अपने नाम दर्ज करा ली। शिकायत के बाद प्रशासन ने इस फर्जी आदेश को निरस्त कर दिया और तत्कालीन तहसीलदार सहित संबंधित लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। थाना पुवायां में मामला दर्ज होने के बाद भी मुख्य आरोपी वन्दना और विख्यात कौशल की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। 10 अप्रैल 2026 को जब वह गेहूं की फसल काट रहा था, तब आरोपियों ने झूठी शिकायत कर काम रुकवा दिया। जांच में सही पाए जाने पर फसल कटवा दी गई, लेकिन इसके बाद भी आरोपी लगातार परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि थाना बंडा पुलिस भी उसे अपनी ही जमीन पर खेती करने से रोक रही है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी प्रभावशाली हैं जिसके चलते विवेचना में उनके नाम शामिल नहीं किए जा रहे। प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी और पैतृक जमीन पर हस्तक्षेप को रोकने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि जांच में पीड़ित पक्ष सही पाया गया, फसल कटवाई गई थी। मामला राजस्व से जुड़ा होने के कारण कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### मिस्ड कॉल कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का छात्राओं ने किया समर्थन

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा निदेशक के निर्देश पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सपोर्ट हेतु महाविद्यालय में छात्राओं को एकत्रित किया गया। प्राचार्या रूपांशु माला ने इस अधिनियम की जानकारी दी। छात्राओं ने मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करते हुए अधिनियम का समर्थन किया। प्राचार्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक सिर्फ एक कानून नहीं है बल्कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व, उनके आत्म सम्मान व लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई है। महिला आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। इस क्रम में अगले दिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नारी शक्ति दीवार स्थापित कर इस अभियान पर अपने विचार प्रस्तुत कर समर्थन में हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मातृशक्ति का समाज में विशेष महत्व

**कलान, अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में बुधवार को भाजपा की ओर से नारी सशक्तिकरण हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महामंत्री सत्येंद्र गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का समाज में विशेष महत्व है और केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में भी प्रयास हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान रंगोली का आयोजन किया गया और महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन हर नारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सभासद राघवेंद्र मिश्रा उर्फ टॉमी, संदीप गुर्जर, दिलीप गुप्ता, राम कुमार सिंह, जीतू सहाय, महिला मोर्चा की मंजू सिंह, किरन शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, सविता सिंह ठाकुर, कौशल्या जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शिवसेना जिला प्रमुख पं. सत्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद, विधायक और मंत्रियों के संरक्षण में चल रहे कई स्कूल मानकों के अनुरूप नहीं हैं और वहां बच्चों की पढ़ाई व खेलकूद की समुचित व्यवस्था नहीं है। साथ ही अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के नाम पर अभिभावकों से मनमानी वसूली की जा रही है। पत्र में कहा गया है कि निजी स्कूलों में किताबें, ड्रेस, बेल्ट और जूते जैसी सामग्री बाजार से कई गुना अधिक कीमत पर बेची जा रही है। जीएसटी और अन्य करों में भी अनियमितता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन शिकायतों के बावजूद बिना पैसे दिए किसी विभाग में समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। दुकानों के लाइसेंस और अन्य कार्यों में राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस में सुविधा शुल्क देना पड़ता है। सरकारी नंबरों पर भी शिकायत करने पर समाधान के नाम पर वसूली होने की बात कही गई है। उन्होंने सफाई व्यवस्था को भी बेहद खराब बताया।

# डीजल संकट से जूझ रहे किसान पंप पर लगी भीड़

**कलान, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में कई दिनों से डीजल की कमी बनी हुई है।

बुधवार को नगर पंचायत कलान भर्रामई स्टेट हाईवे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग स्थित भारत पेट्रोलियम पंप पर ही डीजल उपलब्ध होने के कारण यहां सैकड़ों किसान कैन, पीपा और ड्रम लेकर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। पंप मैनेजर अमित ने बताया कि अन्य पंपों पर डीजल नहीं होने के कारण यहां भीड़ बढ़ गई है। फर्रुखाबाद के कायमगंज क्षेत्र के ग्राम राधेश्याम और गोकुल नगला के पूर्व प्रधान जयपाल सिंह वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में यही एकमात्र पंप है जहां डीजल मिल रहा है।

# शिवलिंग स्थापना से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में शिवलिंग स्थापना से पहले नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बुधवार दोपहर 12 बजे से ब्लॉक प्रांगण से शुरू होकर नगर के तिकुनिया चौराहा स्थित त्रिलोकीनाथ शिव मंदिर, मैलानी रोड स्थित प्राचीन बालाजी धाम, बाबा बगियानाथ मंदिर, देवस्थान मंदिर, बाबा गुलराहनाथ मंदिर से होकर पुनः ब्लॉक मुख्यालय प्रांगण पहुंची। जहां पर विद्वान पंडितों के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कर नवनिर्मित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में शिवलिंग, भगवान गणेश और नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

शिवलिंग स्थापना और शोभा यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश दीक्षित, तरुण दीक्षित, ज्ञानेश दीक्षित, विजय दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, विजय शंकर अवस्थी, सतनाम सिंह, निर्भय मिश्रा, रामाधार मिश्रा, मोहित शर्मा, गौरव कुमार, मुनीश राठौर, गोविंद राठौर, अखिलेश मिश्रा, दिव्यांशु सिंह, हरिओम मिश्रा बबलू, पारुल मिश्रा समेत लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### हादसे में प्रधान घायल रंजिश में घटना का आरोप

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर क्षेत्र में एक ग्राम प्रधान को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह घायल हो गए। चालक मय वाहन फरार हो गया। घायल प्रधान ने रंजिशन घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। गांव नगला बारह के ग्राम प्रधान अभय यादव बुधवार को किसी कार्य से बहजोई गए हुए थे। कार्य समाप्त कर वह बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस्लामनगर के गांव अल्लैहपुर समसपुर के पास कोल्ड स्टोर से कुछ दूरी पर पीछे से तेज रफ्तार में आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वह सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। घायल को इस्लामनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत, दो बच्चों समेत पांच घायल

**उसावां, अमृत विचार** बुधवार को उसावां क्षेत्र के गांव नगरिया अभय निवासी शैलेंद्र यादव अपने बच्चों धनवीर और बुधवीर के साथ बाजार से लौट रहे थे। सामने से दूसरी बाइक से उसावां के वार्ड सात निवासी शिव शंकर पुत्र बुधपाल, वार्ड नौ निवासी चंद्रशेखर पुत्र समाचारन नवीगंज से बाहर से लौट रहे थे। गुरा बाइपास पर दोनों वाहनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में पांचों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। एंबुलेंस में देरी होने पर थानाध्यक्ष ने कुछ घायलों को डायल 112 की गाड़ी से उसावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### 24 और 25 अप्रैल को बंद रहेगी कोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश ने बताया है कि 24 और 25 अप्रैल को ज्यूडिशियल ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट के अवसर पर उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशों पर जिला न्यायालयों में अवकाश रहेगा। इन अवकाशों के एवज में कोई भी दो चतुर्थ शनिवार को कार्य दिवस घोषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

### पुलिस ने सीज की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली

**उसावां, अमृत विचार :** रेता-बालू से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया है। बुधवार को थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह को सूचना मिली कि मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर एक ओवरलोड वाहन गुजर रहा है। उन्होंने उपनिरीक्षक विपिन कुमार, लोकेंद्र सिंह ढिल्लों, पवन चौधरी को मौके पर भेजा। ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। खनन अधिकारी को भी सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन सीज किया गया है।

### सैनिक बंधु बैठक 21 को

**बदायूं, अमृत विचार :** सिंह जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि 21 अप्रैल को सैनिक बंधु की बैठक होगी। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों व दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण भी किया जाएगा।

### थार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में बदायूं-आंवला मार्ग स्थित बिजली घर के पास कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी चालक गंभीर घायल हो गया। हादसा बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे हुआ। ई-रिक्शा चालक आंवला से बदायूं की ओर जा रहा था। वहीं दूल्हे को लेकर बदायूं से आंवला की ओर जा रही थार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक बाहर जा गिरा और घायल हो गया। पुलिस के पहुंचने से ही चालक थार लेकर आंवला भाग गया। कार के साथ आ रहे अन्य बरातियों ने चालक का इलाज कराया।

# ग्राम समाज की जमीन में लगाई बाबा साहब की प्रतिमा, तनाव

## तीन थानों की पुलिस का गांव में डेरा, विधायक और सीओ ने ग्रामीणों को समझाया



ग्राम समाज की जमीन पर स्थापित की गई बाबा साहब की प्रतिमा।



ग्रामीणों को समझाते बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य व सीओ संजीव कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

- एक ही समाज के दो गुटों में हुआ विवाद, दो युवक और उनकी पत्नियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार : बेहटा** क्षेत्र के गांव ढोरनपुर में ग्राम समाज की भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बुधवार को भारी तनाव फैल गया। बिना अनुमति प्रतिमा रखने की सूचना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सीओ बिसौली समेत कई थानों की पुलिस फोर्स ने गांव में डेरा डाल दिया है। स्थानीय विधायक ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

गांव के ही कुछ लोगों ने मंगलवार देर रात ग्राम समाज की जमीन पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कर दी। सुबह होते ही गांव के दूसरे पक्ष ने इस पर आपत्ति जताई। जिससे माहौल गरमा गया। विवाद एक ही समाज के लोगों के बीच हुआ। सूचना मिलने पर सीआ बिसौली संजीव कुमार और बिसौली, बिल्सी पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया और कानून हाथ में न लेने की चेतावनी दी। गांव निवासी सुमित की तहरीर पर सूरज सिंह, प्रेम सिंह और उनकी पत्नियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। शाम के समय बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या उर्फ राजू भैया भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें समझाया कि किसी भी सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर बिना प्रशासनिक अनुमति के निर्माण कार्य करना नियम विरुद्ध है। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर निस्तारित करने को कहा।

## जबरन निकाह का दबाव, विरोध करने पर की मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** एक परिवार ने दूसरे पर जबरन निकाह करने का दबाव बनाया। मना करने पर युवती के घर के बाहर गाली-गलौज और परिजनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिनावर क्षेत्र के गांव गुरपुरी निवासी रेशमा पत्नी कमरुल हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके परिवार से गांव के ही कल्लन, मुनाजिर, मुद्दसिर, अयान जबरन रिश्ता जोड़ना चाहते हैं। वह इसका विरोध कर रहे हैं। जिसके चलते आरोपी सोमवार शाम करीब आठ बजे दरवाजे पर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र होने लगे। आरोपियों ने धमकी दी कि बेटे का निकाह उनकी बेटी से ही करेंगे। ऐसा न करने पर जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाल कल्याण अधिकारी के सामने आ रही समस्याओं और सुझाव पर चर्चा



मासिक समन्वय कार्यशाला में निर्देशित करते एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समन्वय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारियों के साथ गोष्ठी की।

कार्यशाला में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर से जारी एसओपी के अनुसार अनुसंधान, थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी के सामने आ रही समस्या और सुझाव पर चर्चा हुई। पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटों में सीडब्ल्यूसी को सूचित करने, पॉस्को के मामले में फार्म भरकर समय से भेजने के बारे में बताया गया। जिले में गुमशुदा बच्चों के पंजीकरण, लंबित मामले व पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत मामलों पर चर्चा के अलावा जेजे एक्ट से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति, जिला प्रोबेशन विभाग, रिट सेल, श्रम विभाग, एनजीओ, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड हेल्प लाइन, वन स्टॉप सेंटर आदि विभागों के अधिकारियों के साथ सीओ सुनील अहलावत, एएचटीयू प्रभारी अजय कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जिसके बाद एसपी देहात ने पुलिस पेंशनर्स की बैठक की। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याएं जैसे पेंशन, चिकित्सा सुविधा, सेवा अभिलेख, लंबित प्रकरणों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर संबंधित को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोर की मौत

संवाददाता, बिल्सी

- बुधवार दोपहर अकौली जाने वाले मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सिद्धपुर चित्रसेन में बुधवार दोपहर करंट लगने से किशोर की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी गगन प्रजापति (16) पुत्र राजेंद्र प्रजापति बुधवार दोपहर साइकिल से अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव से अकौली मार्ग पर रास्ते में झूल रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। जहां तार काफी नीचे लटक रहे थे। करंट की चपेट में आते ही किशोर मौके पर ही गिर पड़ा। राहगीरों ने घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे। किशोर को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने किशोर की मौत की पुष्टि कर दी। किशोर के पिता और मां कन्यवती का रो-रोकर बुराहाल है। ग्रामीणों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने झूल रहे बिजली तारों को लेकर नाराजगी जताते हुए विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

## तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल जांच शुरू

**विजय नगला, अमृत विचार :** बुधवार को थाना बिनावर क्षेत्र में एक युवक का फोटो वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। जो जींस शर्ट पहने तमंचा लगाए है। युवक गांव गुरपुरी चंदन का बताया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले दो पक्ष में मारपीट हुई थी। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई की। जिसके बाद युवक का फोटो सामने आया है।

प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि वायरल फोटो की जानकारी मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# एक मई से सवारियों को बेहतर सुविधा देंगे निजी बस संचालक




प्राइवेट बस मालिकों के साथ चर्चा करते यूनियन के अध्यक्ष ओमकार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्राइवेट बस स्टैंड पर बुधवार को जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन की बैठक हुई। जिसमें सवारियों को बेहतर सुविधा और सेवाएं देने पर विचार व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही भामाशाह चौक पर अवैध स्टैंड हटाने पर पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

यूनियन ने तय किया कि एक मई से उसावां, उसहैत, म्याऊं, हजरतपुर, दातागंज आदि रूट पर बसों में टोकन व्यवस्था शुरू करेंगे। जिसके अंतर्गत बसों के चलने और पहुंचने का समय तय किया जाएगा। यूनियन अध्यक्ष ओमकार सिंह ने बताया कि उन्होंने 30 मार्च को एसएसपी अंकिता शर्मा को दिए ज्ञापन में बताया था कि भामाशाह चौक से चल रहे डग्गामार वाहन और वहां संचालित अवैध स्टैंड को हटाया जाए। अब पुलिस ने अवैध स्टैंड बंद करा दिया है। जिससे आवागमन की सुविधा सरल हुई है । जिला महासचिव जिला मुस्ताहिद खान, कोषाध्यक्ष राजू जैन, उपाध्यक्ष भारत गुप्ता, जिला सचिव पप्पू फारुकी, जिला सचिव मिंटू गुप्ता, संजय, दिनेश अग्निहोत्री, साजिद खान, वाजिद हुसैन, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# मदरसा के वार्षिकोत्सव में भावनाएं आहत करने के नाटक का किया मंचन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



निरीक्षक अपराध को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कस्बा ककराला स्थित एक मदरसा के वार्षिकोत्सव का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें गैस सिलेंडर की समस्या को बढ़ा चढ़ाकर दर्शाया गया। रामायण काल के पात्रों को मजाक बनाते हुए टिप्पणी की गई। जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुईं। विश्व हिंदू परिषद ने निरीक्षक अपराध रामनाथ कन्नौजिया को ज्ञापन देकर मदरसा संचालक पर कार्रवाई की मांग की है।

विभाग संगठन मंत्री योगेश पाठक ने बुधवार को पदाधिकारियों के साथ जाकर थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपा। बताया कि वार्षिकोत्सव में बच्चों ने देवी देवताओं का स्वरूप धरकर नाटक का मंचन किया था। जिसमें बजरंग बली पर गलत टिप्पणी हुई। जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मदरसा संचालक का यह कृत्य शांति के लिए खतरा है। आरोप लगाया कि यहां पाकिस्तान का सामान्य ज्ञान पढ़ाया जाता है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह, जिला सह संयोजक उत्कर्ष मिश्रा, सत्येंद्र यादव, मोर सिंह, आकाश कुशवाहा, मुकेश कुशवाह, राहुल त्रिवेदी, अभय पंडित आदि मौजूद रहे। वहीं मदरसा संचालक का वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव में नाटक का उद्देश्य समाज में चल रही कुरीतियों को दर्शाना था। किसी की भावना आहत हुईं हैं तो उसके लिए वह माफी मांगते हैं।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS | 3 Year |
| 02 | M.Sc. Medical Biochemistry | MBBS | 3 Year |
| 03 | M.Sc. Medical Microbiology | MBBS | 3 Year |
| 04 | M.Sc. Pharmacology | MBBS | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Physiology | MBBS | 3 Year |
| 06 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 07 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 08 | Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | B. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 12 | D. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 13 | M. Pharm (Pharmaceutical Chem) | B. Pharm | 2 Year |
| 14 | M. Pharm (Pharmaceutics) | B. Pharm | 2 Year |
| 15 | M. Pharm (Pharmacology) | B. Pharm | 2 Year |
| 16 | M. Pharm (Pharmacognosy) | B. Pharm | 2 Year |
| 17 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 18 | Bachelor of Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCM/PCB) | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | Bachelor of Physiotherapy | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 21 | Bachelor Operation Theater Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 22 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 23 | B.Sc. in Optometry | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 24 | B.Sc. in Radiological Imaging Techniques | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 25 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 26 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 27 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 28 | Diploma in Medical Lab Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 29 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 30 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 31 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 32 | Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 33 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 34 | Certification in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitoner in Critical Care | B.Sc. Nursing/Post Basic | 2 Year |
| | Post Graduate Residency Program (NPCC) | B.Sc. Nursing* | |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | Graduation in Sci. | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 2 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

## अभियान के प्रचार कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बोले महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को कर रही और मजबूत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रचार अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। महिलाओं ने स्कूटी रैली स्कूटी रैली निकालकर जागरूक किया। केंद्रीय राज्यंत्री बीएल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अभियान के अंतर्गत शहर के अलावा, उझानी, दातागंज समेत विभिन्न स्थानों पर स्कूटी रैली निकली।

रैली का नेतृत्व अभियान संयोजक सीमा राठौर, रचना शंखधार, राजवती वर्मा ने किया। शहर में रैली बदायूं क्लब से शुरू हुई। जो भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, बाबूराम मार्केट, दिनेश चौक, परशुराम चौक, महाराणा प्रताप चौक, पुलिस लाइन होते हुए बदायूं क्लब पर समाप्त हुई। रैली के दौरान पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और आमजन ने भी स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह केवल कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। आज महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि वे हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देकर लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्कूटी रैली सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। गांव-गांव, शहर-शहर महिलाएं आगे आकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। सदर विधायक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है, कि वह देश के विकास में बराबरी से अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा स्कूटी रैली समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। महिलाओं का इस तरह संगठित होकर आगे आना यह सिद्ध करता है कि अब वह हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। यह अभियान आने वाले समय में नारी सशक्तिकरण की नई मिसाल बनेगा। अमिता उपाध्याय, रजनी मिश्रा, मोनिका गंगवार, जय साहू, योगिता रस्तोगी, समीक्षा शर्मा, ममता वर्मा, अंजली महाजन, सोनी गुप्ता, कविता शर्मा, नीलू मिश्रा, राना समीम, अंजू राठौर, कुष्म सक्सेना, गुड्डी राघव, उर्मिला, रेखा, महिमा, मीनाक्षी आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।



नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में जागरूकता रैली निकालतीं महिलाएं।

- **शहर, उझानी, दातागंज समेत विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम**


अधिनियम के संबंध में हस्ताक्षर करके प्रधानमंत्री का किया गया अभिनंदन।

### महिलाओं के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा अधिनियम

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा अधिनियम केवल एक कानूनी व्यवस्था नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों, संघर्षों और अधिकारों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री दीक्षा माहेश्वरी ने कहा कि विभिन्न प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री का नेतृत्व प्रेरणादायक रहा है। जिससे महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं।


सम्मेलन के दौरान मौजूद मातृशक्ति। ● अमृत विचार

## राजनीति में आएगा ऐतिहासिक बदलाव



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत बुधवार को बिसौली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, बिसौली से पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा दीक्षा माहेश्वरी ने सम्मेलन को संबोधित किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यह अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल है। सरकार द्वारा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर उन्हें नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास को नई मजबूती देगा जब महिलाएं निर्णय लेने वाली भूमिका में आगे आएंगी तो नीतियों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना और अधिक मजबूत होगी।

मंच का संचालन नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सविता शर्मा ने किया। मुड़िया धुरेकी नगर पंचायत चेयरमैन अनुपम पाठक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, अहिता दुबे, निर्मल कठेरिया, डॉ. सुविधा माहेश्वरी, ऋतु अग्रवाल, मिथिलेश आदि उपस्थित रहीं।

- **महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम : राजीव कुमार गुप्ता**

## नारी सम्मान से ही सशक्त होगा समाज

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी के महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के अंतर्गत जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल संख्या 9667173333 पर मिस्ड कॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व और इसके प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और युवाओं की भागीदारी से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। डॉ.शाहबुद्दीन अली खान, विशाल महर, अब्दुल रईस खान, सुभाष बाबू, सूरजपाल, प्रदीप कुमार, फिजा कादरी, मान्या जैन, बबिता यादव, गीता आदि मौजूद रहे।

## युवा राष्ट्र की ताकत

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कॉलेज में रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर के पहले कम से कम संसाधनों में व्यवस्थित जीवन जीने, विपरीत परिस्थितियों और युद्ध जैसे हालातों स्वयं को तैयार रखनें की ट्रेनिंग दी गई।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय के निदेशक डॉ. एमएसए अग्रवाल ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। महानतम जीवन के लिए युवाओं को सेवा, अनुशासन और त्याग के मार्ग पर चलना चाहिए। प्राचार्य डॉ. प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियां हमें मजबूत बनाती हैं। जो विद्यार्थी कठिनाइयों का डटकर सामना करना सीख लेते हैं, वही लक्ष्य तक पहुंचते हैं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। शिविर में रेंजर लीडर शालिनी शर्मा और रोवर लीडर श्रेष्ठ गौर के नेतृत्व में टोली निर्माण, अनुशासन, स्काउटिंग आंदोलन, राष्ट्र ध्वज फहराने के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना के अलावा प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने, घने जंगलों में झोपड़ी निर्माण, विभिन्न आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने की ट्रेनिंग दी गई। इस मौके पर उप प्राचार्य प्रो. शिशुपाल सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. त्रिवेंद्र कुमार सिंह, आदर्श, दौलत राम, राम कुमार, आदेश, संजीव कुमार, सौरभ शुक्ला, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।


संबोधित करते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

- **अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कॉलेज में रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

## परिषदीय स्कूलों के बच्चों को दी जाएगी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को बैड और गुड टच के प्रति किया जाएगा जागरूक**
- **बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी शैक्षिक कैलेंडर में दिए गए हैं दिशा निर्देश**

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के बच्चों को इस बार संवेदनशील तरीके से जागरूक किया जाएगा। बच्चों को गुड टच-बैड टच, निजी सीमाओं की समझ, खतरे की पहचान और असहज स्थिति में मदद लेने के तरीकों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी जाएगी। जिसके निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को दिए हैं।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 2.89 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। शिक्षा का नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक कैलेंडर भी जारी कर दिया है। जारी किए गए शैक्षिक कैलेंडर में बच्चों को पॉक्सो (बाल संरक्षण) से जुड़ी जरूरी जानकारी दी जाएगी। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को उनकी उम्र के अनुसार संवेदनशील तरीके से जागरूक किया जाएगा। आदेशों के तहत बच्चों को गुड टच-बैड टच, निजी सीमाओं की समझ, खतरे की पहचान और असहज स्थिति में मदद लेने के तरीकों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी जाएगी। गुड टच बैड टच को लेकर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें शिक्षकों द्वारा बच्चों को बाल संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

